कौन बनेगा करोड़पति सीजन 13 (2021)

बार-बार पूछे जाने वाले प्रश्न

रजिस्ट्रेशन

प्र. कौन रजिस्टर हो सकता है?

उ. वह कोई भी जो भारतीय नागरिक है, भारत में निवास करता है, 10 मई, 2021 को 18 साल या इससे ज्यादा उम्र का है और ऐसा नागरिक जो शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ हो, वह केबीसी के लिए रजिस्ट्रेशन कर सकता है। कोई भी व्यक्ति किसी अन्य की ओर से भाग नहीं ले सकता।कोई भी शो, यदि शो के मौजूदा सीजन (सीजन 13) में या शो के इससे पहले के सीजन में फास्टेस्ट फिंगर फर्स्ट (एफएफएफ) राउंड तक पहुंच चुका है, तो वह प्रतियोगिता के इस सीजन (सीजन 13) में भाग लेने का पात्र नहीं होगा।

इसके अलावा, ऐसा कोई भी व्यक्ति जिसने क्षेत्रीय केबीसी शो में से किसी एक में हॉटसीट पर जगह बनाई है, वह शो में भाग लेने के लिए पात्र नहीं होगा।

प्र. रजिस्ट्रेशन के लिए लाइनें कब खुल जाएंगी?

उ. रजिस्ट्रेशन लाइंस (एसएमएस और एप) 10 मई, 2021 को रात 21:00:00 बजे पहले प्रश्न के ऑन एयर होते ही सभी दर्शकों के लिए शुरू हो जाएंगी। ऑन-एयर पूछे जाने वाले रजिस्ट्रेशन प्रश्नों के शैड्यूल की अवधि निम्नानुसार होगीः

प्रश्न	लाइन खुलेंगी		लाइन बंद	
	दिनांक	समय	दिनांक	समय
1	10- मई -21	21:00:00	11- मई -21	20:59:59
2	11- मई -21	21:00:00	12- मई -21	20:59:59
3	12- मई -21	21:00:00	13- मई -21	20:59:59
4	13- मई -21	21:00:00	14- मई -21	20:59:59
5	14- मई -21	21:00:00	15- मई -21	20:59:59
6	15- मई -21	21:00:00	16- मई -21	20:59:59
7	16- मई -21	21:00:00	17- मई -21	20:59:59
8	17- मई -21	21:00:00	18- मई -21	20:59:59
9	18- मई -21	21:00:00	19- मई -21	20:59:59
10	19- मई -21	21:00:00	20- मई -21	20:59:59

प्र. किस-किस तरीके से रजिस्ट्रेशन किया जा सकता है?

उ. आप ऑन-एयर प्रश्नों का जवाब एसएमएस करते हुए या एप पर प्रश्न का जवाब देकर रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। अलग-अलग ऑपरेटर के लिए एसएमएस भेजने के लिए शॉर्ट कोड इस प्रकार हैः

भागीदारी का तरीका	इस्तेमाल करने के लिए डायल करें
एसएमएस	509093
आईओएस और एंड्रायड पर सोनी लिव एप के जरिये *	

*सोनी लिव एप गूगल प्ले स्टोर और एपल एपस्टोर पर डाउनलोड करने के लिए उपलब्ध है

प्र. किस नंबर पर और किस फॉर्मेट में मुझे एसएमएस भेजना होगा?

उ. निम्नलिखित ऑपरेटर्स के सबस्क्राइबर्स अपने एसएमएस 509093 नंबर पर भेज सकते हैं:
चुनिंदा सर्कल्स में एयरटेल , जियो और वोडाफोन- आइडिया

एसएमएस के जरिये सभी रजिस्ट्रेशन निम्न प्रारूप में किए जा सकते हैं:
“*KBC* <स्पेस>< *A/B/C/D*><स्पेस><10 मई, 2021उम्र जो पूरी कर ली हो ><स्पेस><लिंग>”. उदाहरण के लिएः यदि पूछे गए सवाल का सही जवाब आपके अनुसार “A” है और आपकी उम्र 21 वर्ष 10 महीने है और आप पुरुष हैं तो आपको इस तरह संदेश भेजना होगाः “**KBC A 21 M**”.

प्र. एसएमएस भेजने या ऐप के माध्यम से पंजीकरण करने पर मुझे क्या खर्च आएगा?

उ. <u>एसएमएसः</u> आप रजिस्ट्रेशन नंबर पर जो भी एसएमएस भेजेंगे, उस पर निम्न शुल्क वसूला जाएगाः

- तीन रुपए तक प्रत्येक एसएमएस – 509093*

एसएमएस यदि गलत फॉर्मेट में या गलत जवाब के साथ भेजा तो भी उस पर शुल्क लगेगा।

* नियम और शर्तों के लिए लॉग इन करें www.sonyliv.com. रोमिंग शुल्क भी आपके ऑपरेटर की सेवाओं के अनुसार लागू होंगे।

दरें बदल सकती है, जो ट्राई नियमों के अधीन हैं। कृपया अपने दूरसंचार सेवा प्रदाता के साथ दरों को जांच लें।

<u>सोनी लिव एप:</u> सोनी लिव एप्लीकेशन पर सभी रजिस्ट्रेशन मुफ्त हैं। हालांकि, डेटा शुल्क लग सकता है। अधिक जानकारी के लिए अपने सर्विस प्रोवाइडर से संपर्क करें।

प्र. सोनी लिव एप्लिकेशन का उपयोग करते हुए जवाब कैसे दें?

उ. सोनी लिव ऐप के माध्यम से भाग लेने के लिए कृपया नीचे दिए गए चरणों का पालन करें:

1. एप्लिकेशन स्टोर से सोनीलिव एप्लिकेशन डाउनलोड करें। कृपया ध्यान दें, एप्लिकेशन डाउनलोड मुफ्त है, हालांकि डेटा शुल्क लग सकता है। अधिक जानकारी के लिए कृपया अपने सेवा प्रदाता से संपर्क करें।
2. कृपया अपना मोबाइल नंबर दर्ज करें। कृपया ध्यान दें कि हम केवल तभी संपर्क में रह सकेंगे जब आपके द्वारा दाखिल नंबर वाला मोबाइल नंबर भारत में सेवा प्रदाता के साथ पंजीकृत हो।
3. कृपया प्रदान किए गए विकल्पों से अपनी आयु का चयन करें। कृपया ध्यान दें कि केवल उन लोगों को शो में भाग लेने के लिए माना जाएगा जिन्होंने 10 मई, 2021 को 18 वर्ष की आयु पूरी की है।
4. अपना लिंग चुनें।
5. अपनी शिक्षा चुनें।
6. अपना पेशा चुनें।
7. उपलब्ध विकल्पों में से कृपया निवास का क्षेत्र चुनें (आपके पास इस पते के संबंध दस्तावेजी प्रमाण होने चाहिए)
8. कृपया सामान्य ज्ञान आधारित सवाल पर अपने जवाब का विकल्प (A/B/C/D) चुनें ताकि रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया को पूरा किया जा सके।
9. जब आप सभी प्रश्नों के जवाब दे दें, तब आपको रजिस्ट्रेशन की पुष्टि के संबंध में कंफर्मेशन स्क्रीन मिल जाएगी।

प्र. क्या मैं एक से अधिक एसएमएस / एप पर एक से अधिक बार रजिस्ट्रेशन कर सकता/सकती हूं?

उ. हां, एसएमएस भेजने या सोनीलिव ऐप से रजिस्ट्रेशन कराने की संख्या पर कोई सीमा नहीं है। हालांकि, प्रत्येक ‘कॉल फॉर इंट्री’ प्रश्न के लिए इंट्री के प्रत्येक मोड के अनुसार प्रत्येक मोबाइल नंबर से पहली वैध इंट्री को ही मान्य किया जाएगा।

प्र. रजिस्ट्रेशन का परिणाम मुझे कब पता चलेगा?

उ. यदि आपके द्वारा प्रदान किया गया उत्तर वैध और सही दोनों था और आपको पूर्व-निर्धारित आरक्षण मानदंडों के आधार पर रैंडमाइज़र द्वारा शॉर्टलिस्ट किया गया है, तो आपको उस सवाल के लिए रजिस्ट्रेशन लाइन बंद करने की तारीख से लगभग सात (7) कार्य दिवसों में हमारा कॉल आएगा।

प्र. मैं रजिस्ट्रेशन के परिणाम कैसे जानूंगा?

उ. यदि आपके द्वारा प्रदान किया गया उत्तर वैध और सही दोनों था और आपको पूर्व-निर्धारित आरक्षण मानदंडों के आधार पर रैंडमाइज़र द्वारा शॉर्टलिस्ट किया गया है, तो हम आपके रजिस्टर्ड नंबर पर आपसे संपर्क करेंगे। कृपया फोन आने पर खुद ही जवाब दें।

<u>ऑडिशन</u>

प्र. ऑडिशन कहां और कब आयोजित किया जाएगा?

उ. ऑनलाइन ऑडिशन (जीके टेस्ट + परिचय वीडियो प्रस्तुत प्रस्तुत करने) 30 मई 2021 को सोनी लिव ऐप के माध्यम से आयोजित किए जाएंगे। ऑडिशनी को नियत तारीख और समय पर ऑनलाइन (ऐप / वेबसाइट) में साइन इन करना होगा, जो उस ऑडिशनी को आवंटित की जाएगी।

ऑडिशनी के लिए यह आवश्यक है कि आगे की कार्यवाही के लिए पात्र रहने के लिए इंटरनेट कनेक्टिविटी और स्मार्ट फोन या इसी तरह के उपकरण पूरे ऑडिशन दौर में उपलब्ध हों। इंटरनेट कनेक्टिविटी न होने या स्मार्टफोन या इसी तरह के डिवाइस की अनुपलब्धता के मुद्दों पर कोई विवाद नहीं होगा।

ग्राउंड ऑडिशन (व्यक्तिगत साक्षात्कार) 23 जून से 04 जुलाई 2021 के बीच आयोजित होंगे।
कृपया ध्यान दें कि तारीखें संभावित हैं और उसमें बदलाव संभव है। कंपनी को अपने विवेकाधिकार पर ऑडिशन के स्थान को बदलने का अधिकार है।

प्र. क्या मैं ऑडिशन के लिए अपना पसंदीदा तिथि और समय चुन सकता हूं?

उ. नहीं। ऑडिशनी के लिए रजिस्ट्रेशन की तिथि और समय का निर्धारण आयोजक करेंगे और उसे ऑडिशनी की जरूरत के मुताबिक बदला या परिवर्तित नहीं किया जा सकेगा। सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा चुने गए एक शहर का विकल्प सभी शॉर्टलिस्ट किए गए रजिस्ट्रांट्स को मिलेगा। यदि शॉर्टलिस्ट किए गए रजिस्ट्रांट इस विकल्प को अस्वीकार करते हैं तो मान लिया जाएगा कि वह कौन बनेगा करोड़पति सीजन -13 में आगे के राउंड्स में भाग नहीं लेना चाहता।

प्र. अगर मैं ऑडिशन में भाग लेने में असमर्थ रहता हूं तो क्या होगा?

उ. निर्दिष्ट तिथि और समय पर ऑडिशन में भाग लेने में असमर्थता, केबीसी में आगे भाग लेने की संभावना को खत्म और / या समाप्त कर देगा।

प्र. ऑडिशन में मुझे क्या करना होगा?

उ. प्रत्येक ऑडिशनी को दो पूर्व-निर्धारित ऑडिशन राउंड में भाग लेना होगा।

a) पहला राउंड ऑनलाइन टेस्ट और वीडियो सबमिशन का होगा।

- ऑनलाइन टेस्ट समयबद्ध जीके टेस्ट होगा जिसमें प्रत्येक ऑडिशनी को स्किल-बेस्ड प्रश्न का जवाब देना होगा।
- वीडियो सबमिशन राउंड में ऑडिशनी को एक या ज्यादा वीडियो सबमिट करने होंगे। इसमें उन्हें कॉल सेंटर एक्जीक्यूटिव द्वारा दिए गए दिशानिर्देशों के अनुरूप अपनी जानकारी मुहैया करनी होगी।
- वीडियो को सोनी लिव ऐप या उल्लेखित वेबसाइट पर अपलोड करना होगा।

सभी ऑडिशनी को ऊपर बताई गई प्रक्रिया का पालन करना होगा तभी ऑडिशंस के दूसरे दौर के लिए उन्हें शॉर्टलिस्ट किया जा सकेगा।

b) ऑडिशंस का दूसरा राउंड पर्सनल इंटरव्यू का होगा जो और इसे रिकॉर्ड किया जाएगा ।

ऑडिशन के लिए इंटरनेट कनेक्टिविटी और स्मार्ट फोन या इसी तरह के उपकरण आवश्यक है और ऑडिशन की आगे की प्रक्रिया की पात्रता के लिए यह अनिवार्य है। इंटरनेट कनेक्टिविटी न होने या स्मार्टफोन या इसी तरह के डिवाइस की अनुपलब्धता के मुद्दों को लेकर कोई विवाद नहीं होगा।

प्र. मैं ऑडिशन दौर के परिणाम कैसे जानूंगा?

उ. ऑडिशनी जिन्हें ऑडिशन राउंड के आधार पर सूचीबद्ध किया जाएगा, सोनी पिक्चर्स नेटवर्क के प्रोड्यूसर के माध्यम से शो में फास्टेस्ट फिंगर फर्स्ट राउंड में चयन के बारे में सूचित करने के लिए कॉल किया जाएगा।

प्र. क्या ऑडिशन राउंड में मौजूद रहने के लिए सभी खर्च मुझे वहन करना होगा?

उ. हां। ऑडिशंस में मौजूद रहने के लिए प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष तौर पर होने वाले सभी खर्च (यात्रा, परिवहन, लॉजिंग, रहने, खाने आदि का खर्च) को ऑडिशनी को उठाना होगा।

प्र. ऑडिशन के लिए मुझे कौन से दस्तावेज़ों की आवश्यकता होगी?

उ. ऑनलाइन वीडियो इंटरव्यू से पहले ई-मेल के जरिये प्रत्येक ऑडिशनी को निम्न दस्तावेजों की स्कैन कॉपी सबमिट करनी होगीः

1) वैध नाम के प्रमाण के लिए (इनमें से कोई भी:
   1. जन्म प्रमाण पत्र के साथ पैन कार्ड
   2. पासपोर्ट
   3. वोटर आईडी
   4. ड्राइविंग लाइसेंस या
   5. यूआईडी/ आधार कार्ड
2) वैध निवास प्रमाण पत्र के लिए (इनमें से कोई भी):
   1. लैंडलाइन फोन/बिजली का बिल

2. पासपोर्ट
3. वोटर आईडी
4. ड्राइविंग लाइसेंस
5. राशन कार्ड या
6. यूआईडी/आधार कार्ड

सभी उपरोक्त दस्तावेज मात्र हिन्दी या अंग्रेजी में ही होने चाहिए।

(उपरोक्त दस्तावेजों को जमा करने से ऑडिशनी की इस प्रतियोगिता के अगले चरण में भागीदारी सुनिश्चित नहीं होगी।)

<u>सामान्य</u>

प्र. चयन मानदंड क्या हैं?

उ. चयन का मुख्य मानदंड आपके सामान्य ज्ञान और सम-सामयिक मामलों की समझ है, जिसका मूल्यांकन विभिन्न चरणों में किया जाता है। इसके अलावा, अंतिम चरण में वीडियो ऑडिशन और साक्षात्कार भी होगा जहां आपके व्यक्तित्व और स्क्रीन प्रेजेंस का भी मूल्यांकन होगा।

प्र. यदि मेरे पास कोई प्रश्न है तो मैं किससे पूछ सकता हूं?

उ. कृपया अपने प्रश्नों को *kbcresponse@setindia.com* पर भेजें और हम जल्द से जल्द जवाब देने की कोशिश करेंगे। वैकल्पिक रूप से आप नियम और शर्तें *www.sonyliv.com* पर देख सकते हैं।

प्र. कौन बनगा करोड़पति को नियंत्रित करने वाले विस्तृत नियमों और शर्तों को मैं कहां पढ़ सकता हूं?

उ. गेम शो के नियम और शर्तों को विस्तार से www.sonyliv.com पर उपलब्ध कराया गया है

प्र मैं कितनी बार भाग ले सकता हूं?

उ रजिस्ट्रेशन के एक शेड्यूल में ऑडिशन के लिए प्रत्येक रजिस्ट्रांट को केवल एक बार सूचीबद्ध किया जा सकता है। हालांकि, दर्शकों द्वारा पंजीकरण (एसएमएस / ऐप) के माध्यम से कितनी बार भाग ले सकते हैं, इस पर कोई प्रतिबंध नहीं है।

प्र पुरस्कार राशि कौन जीतता है?

उ जो व्यक्ति हॉटसीट पर बैठता है और पूछे गए सवालों के सही जवाब देता है वह पुरस्कार राशि जीत जाएगा। पुरस्कार राशि कंपनी द्वारा अपने विवेकाधिकार पर तय की जाएगी और सरकारी नियमों के अनुसार कर की कटौती के अधीन होगी।

प्र. कुछ लोग दावा करते हैं कि वे केबीसी में प्रवेश पाने में मदद कर सकते हैं। क्या यह संभव है?

उ. केबीसी में प्रवेश का एकमात्र तरीका रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया में भागीदारी के माध्यम से है जैसा कि केबीसी सीजन 13 में रूल्स एंड रेगुलेशन गवर्निंग पार्टिसिपेशन में वर्णित है(कृपया www.setindia.com या *www.sonyliv.com* पर हमारे नियम और शर्तों को देखें)। केबीसी में प्रवेश करने का कोई अन्य तरीका नहीं है। यह पूरी प्रक्रिया एक स्वतंत्र ऑडिट फर्म द्वारा पारदर्शी और निगरानी की जाती है। कोई भी व्यक्ति यह दावा करता है कि वह आपको शो में आने में मदद कर सकता है / वह आपको धोखा दे रहा है। कृपया अपनी स्थानीय पुलिस से संपर्क करें और इस व्यक्ति की रिपोर्ट करें।

केबीसी में भागीदारी की कोई एंट्री फीस नहीं है। इस वजह से कोई व्यक्ति यदि दावा करता है कि वह सोनी से है और आपको एंट्री फीस देनी होगी तो वह आपको धोखा दे रहा है। कृपया अपने स्थानीय पुलिस थाने से संपर्क करें और उस व्यक्ति के खिलाफ शिकायत दर्ज करें।

प्र. मुझे व्हॉट्सएप पर एक कॉल/मैसेज आया है कि मैंने केबीसी से एक लॉटरी जीत ली है। क्या यह संभव है?

उ. केबीसी के जरिए पुरस्कार राशि जीतने का इकलौता तरीका केबीसी सीजन 13 में भागीदारी को प्रशासित करने वाले नियमों और विनियमों में निर्देशित रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया ही है। केबीसी से पैसा जीतने का कोई और तरीका नहीं है। कोई भी व्यक्ति दावा करता है कि आपने कोई लॉटरी जीती है या लॉटरी का पैसा पाने के लिए आपको कोई राशि जमा करानी होगी, तो वह आपको धोखा दे रहा है। कृपया अपने स्थानीय पुलिस थाने में संपर्क करें और ऐसे व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराएं।

केबीसी में भागीदारी के लिए कोई प्रवेश शुल्क नहीं है। इसके अलावा, केबीसी कोई लॉटरी जारी नहीं करता है। इस वजह से कोई भी व्यक्ति यह दावा करता है कि वह सोनी से है और आपको शो के लिए प्रवेश शुल्क देना है या आपने लॉटरी जीती है, तो वह आपको धोखा दे रहा है। कृपया अपनी स्थानीय पुलिस से संपर्क करें और इस व्यक्ति की रिपोर्ट करें।

प्र. टीवी पर पूछे गए सवाल का जवाब देने के बाद मुझे फोन आया, लेकिन उसके बाद किसी ने मुझे फोन नहीं किया। क्या मुझे चुना गया है?

उ. हो सकता है कंप्यूटर द्वारा चुने गए शॉर्टलिस्ट किए गए रजिस्ट्रांट में से आप एक थे और इसी वजह से आपको कॉल प्राप्त हुआ है। हालांकि, इसका मतलब यह नहीं है कि आपको अगले दौर के लिए चुना गया है। हम उन सफल उम्मीदवारों से संपर्क करेंगे जिन्होंने अगले दौर में जगह बनाई है।